18.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक कीं।

○ जल जीवन मिशन घोटाले के नौ आरोपियों को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

○ राज्य के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए एक्सपोर्ट हब विकसित किए जाएंगे।

○ प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जिलों में बारिश के कारण तापमान में गिरावट।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। ये नेता भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज़ से भेंट की। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों नेताओं ने भारत–स्पेन साझेदारी और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चर्चा के प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार और अर्थव्यवस्था, डिजिटल, नवाचार, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा शामिल हैं।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए एआई पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तहत आयोजित गोष्ठी में कहा कि देश में उत्पादकता में सुधार, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर एआई के इस्तेमाल पर काम किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह एआई शिखर सम्मेलन इसके लिए एक उचित अवसर है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 28 फरवरी को अजमेर दौरे के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा, यातायात और सभा स्थल से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने कायड़ विश्राम स्थली का जायज़ा लिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री इस दौरे के माध्यम से अजमेर से प्रदेश को साढे 23 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे और रोजगार उत्सव में 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

000

जल जीवन मिशन में 900 करोड़ रुपये के घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज नौ आरोपियों को जयपुर की एक अदालत में पेश किया। अदालत ने इन सभी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसीबी के अनुसार अब तक इस मामले में जांच के दौरान सामने आया है कि दो निजी फर्मों ने काम पूरा होने के फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए लगभग 900 करोड़ रुपये के टेंडर हासिल किए थे। पीएचईडी के अधिकारियों पर टेंडर नियमों में बदलाव कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए लोगों में विभाग के पूर्व और वर्तमान उच्चाधिकारी शामिल हैं। ब्यूरो अब रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से फर्जी दस्तावेजों, निविदा प्रक्रियाओं और वित्तीय लेन–देन के संबंध में विस्तृत पूछताछ करेगा।

000

राज्य सरकार ने आमजन को विभिन्न सेवाएं जल्द और प्रभावी रूप से मुहैया कराने के लिए  नेक्स्ट जनरेशन सिटीजन सर्विस रिफॉर्म्स लागू करने की घोषणा की है। इन प्रावधानों के प्रभावी होने के बाद नागरिकों को अलग–अलग विभागों की सेवाएं लेने के लिये बार–बार अपने दस्तावेज नहीं देने होगें। इसके अलावा सरकार व्हाट्सएप के माध्यम से 100 सेवाएं उपलब्ध कराएगी।
साथ ही  नगरीय निकायों में स्मार्ट सेवा केंद्र स्थापित कर जन्म–मृत्यु, विवाह पंजीकरण और फायर एनओसी जैसी सेवाएं ऑनलाइन की जाएंगी।

000

प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए एक्सपोर्ट हब विकसित किए जाएंगे। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट नीति के तहत उत्पादों के निर्यात, तकनीक उन्नयन और परिवहन के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025–26 के बजट में इसके लिए 36 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 350 इकाइयों को 16 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है। राजसमंद में स्टोन मंडी के विकास के लिए एक करोड़ 80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में बहुमंजिला औद्योगिक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और बोरावास में औद्योगिक शेड बनाए जा रहे हैं।

000

प्रदेश के लगभग 200 बांधों और तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए बजट 2026–27 के प्रथम चरण 300 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर जीर्ण–शीर्ण हो चुकी जल संरचनाओं की मरम्मत का काम हाथ में लिया गया है। मंत्री ने टोडाभीम के बिशन समंद बांध और नहर का उल्लेख करते हुए बताया कि इसका निर्माण अगले साल तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 2 करोड़ 29 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति जारी कर काम शुरू कर दिया गया है।
उन्होंने सदन को सूचित किया कि नहर के जीर्णोद्धार के लिए गत 4 फरवरी को कार्यादेश जारी किया गया है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में यातायात जागरूकता पार्क का उद्घाटन किया और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री बिरला ने सीएलजी सदस्यों और सुरक्षा सखियों से संवाद करते हुए नशा और अपराध के खिलाफ जनसहभागिता का आह्वान किया।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई जगह बारिश हुई है। राजधानी जयपुर में कल रात से रूक–रूक कर बरसात हो रही है। दिन में कई क्षेत्रों में तेज़ बरसात के बाद सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ। सवाईमाधोपुर, डीग, बारां और चूरू में हल्की बारिश हुई। चूरू जिले के गांवों में तेज़ पानी बरसा। भरतपुर में बारिश और ठण्डी हवाएं चलने से ठिठुरन का एहसास रहा। वहीं शेखावाटी क्षेत्र के कई गांवों में ओले भी गिरे। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तर–पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभाग के जिलों के लिए कल मेघगर्जन और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से प्रदेश के कई इलाकों में मौसम धीरे–धीरे साफ होने की संभावना है।

000

रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत आज चांद दिखने पर होगी। इसके बाद कल पहला रोजा रखा जाएगा। हिलाल कमेटी की ओर से इसका ऐलान किया जाएगा। इस बीच, मुस्लिम समुदाय में खुशी की माहौल है और रमजान की तैयारियां तेज हो गई हैं। लोग खजूर, फल और खाने–पीने की अन्य चीजों की खरीदारी में जुटे हैं। सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों में कल चांद दिखने के बाद रमज़ान के पवित्र महीने की शुरूआत हो गई है और आज पहला रोजा रखा गया।

000

भरतपुर जिले के बांध बारैठा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नौकायन और वॉटर गेम्स शुरू किये जायेंगे। जिला परिषद ने इसके लिए ऑपरेटर चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल से स्थानीय पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

000

झुंझुनू जिले के टीबा गांव में आज पुलवामा हमले के शहीद श्योराम गुर्जर की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश जांगिड़ ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीद वीरांगना सुनीता देवी का सम्मान भी किया गया। गौरतलब है कि श्योराम ने पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड आतंकी कामरान गाजी को ढेर किया था।

000